# एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली में 'वंदे मातरम' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण - उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत संगम



नई दिल्ली, 7 नवम्बरः राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT), दिल्ली के एम.पी. हॉल में आज एक विशेष आयोजन के तहत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इसके पश्चात सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित 150 वर्ष के उपलक्ष्य मे वंदे मातरम कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़े उत्साह और एकाग्रता के साथ देखा व सुना। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में भारत की तीव्र प्रगति, आत्मनिर्भरता, और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने युवाओं, शिक्षकों और प्रशासनिक संस्थानों की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा ग्रहण करते हुए देश के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सचिव, सतर्कता अधिकारी, प्रिंसिपल (बी.एड. डिवीजन) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों में अद्भुत उत्साह और ऊर्जा का वातावरण रहा। सभी ने वंदे मातरम की भावना के साथ राष्ट्र सेवा और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।